हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 नवंबर, 2025

11 कुरुक्षेत्र रैली में गईं 81 रोडवेज बसें, भटके यात्री

12 सांगवान खाप 10 को करेगी प्रतिभाओं का सम्मान


**खबर संक्षेप**

### स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन एक दिसंबर तक

**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि एक दिसंबर है। अधिक जानकारी के लिए महिला एवं विकास कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय तथा ब्लूईडीएचआरवाई.जीओवी.इन पर संपर्क कर सकते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए महिलाएं एक दिसंबर तक अपने आवेदन जमा कर सकती हैं। यह पुरस्कार आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर दिया जाएगा।

### गीता जयंती के उपलक्ष्य में चिकित्सा शिविर आज

**भिवानी।** स्वामी ज्ञानानंद के आह्वान पर जीओ गीता स्वास्थ्य सेवा प्रकल्प द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में 26 नवम्बर से निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जीओ गीता चिकित्सा सेवा प्रकल्प के प्रभारी डॉ. विनोद अंचल ने बताया कि 26 नवम्बर को शिवाजी पार्क, एमसी कॉलोनी में 27नवंबर को, अंचल हॉस्पिटल दिनोद गेट में 28नवम्बर को, चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क में 29 नवम्बर को, चौधरी बंसी लाल पार्क में 30नवम्बर को आयोजन होगा। निःशुल्क रक्त, शुगर जांच, निःशुल्क बीपी जांच, निःशुल्क परामर्श किया जाएगा। जांच शिविर सुबह 7 बजे से 8 बजे तक होगा। एक दिसम्बर को सुबह 11 बजे एक मिनट का सामूहिक गीता पाठ का आयोजन भी होगा।

भीम स्टेडियम में 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

# प्रतिभागियों की जांची बायोमैट्रिक हाजिरी 38 टीमों के 1599 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

## प्रतियोगिता में 846 लड़के व 753 लड़कियां लेंगी हिस्सा : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भीम स्टेडियम में 26 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ भिवानी- महेंद्रगढ़ से लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह करेंगे। उद्घाटन समारोह प्रातः 10 बजे शुरू होगा, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला शिक्षा विभाग इस आयोजन को सफल बनाने में जुटा हुआ है। मंगलवार को भिवानी जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया ने खिलाड़ियों का पंजीकरण करवाने के साथ खिलाड़ियों की बायोमैट्रिक अटेंडेंस का निरीक्षण भी किया तथा प्रतियोगिता से संबंधित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। भिवानी की जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया और उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार तंवर ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल कौशल को बढ़ावा देगी, बल्कि विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों के बीच एकता भी पैदा करेगी।



भिवानी। भीम स्टेडियम में खिलाड़ियों की बायोमैट्रिक हाजिरी का निरीक्षण करती डीईओ। फोटो : हरिभूमि

### दस्तावेजों की विस्तृत जांच की

प्रतियोगिता शुरू होने से पहले मंगलवार को भीम स्टेडियम में विभाग की तरफ से खिलाड़ियों की बायोमैट्रिक मशीन से हाजिरी लगवाने के लिए काउंटर स्थापित किए गए। जिन पर शारीरिक शिक्षकों के अलावा अन्य शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। बाहर से आने वाली हर टीम के खिलाड़ी की यहां पर सबसे पहले बायोमैट्रिक पर हाजिरी लगवाई गई। हाजिरी लगने के बाद ही उनके कागजों की जांच शुरू हुई। एक खिलाड़ी के कागजों की जांच में करीब पांच से सात मिनट का समय लगा। इस कार्य में पूरी तरह से पार्दशिता लाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मला दहिया व उप जिला शिक्षा अधिकारी शिव कुमार ने निरीक्षण किया। स्टेडियम में शाम तक बायोमैट्रिक कराए जाने का कार्य जारी रहा।

### 200 कोच भी संभाल रहे मोर्चा

मीडिया के प्रभारी मुख्याध्यापक जयवीर नाफ़रिया व सह प्रभारी विनोद पिंकू पीटीआई ने बताया कि यह प्रतियोगिता विशेष रूप से अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से 38 टीमों के करीबन 1599 लड़के एवं लड़कियां हिस्सा लेंगी। इसमें 846 लड़के व 753 लड़कियां हिस्सा लेंगी। इन टीमों के साथ करीबन 200 टीम कोच, मैनेजर और चीफ डिमिशन हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की फील्ड ऑफिसर सुशीला सिंह और डीके सिंह भी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### आज होंगी ये प्रतियोगिताएं

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन बुधवार को लड़कों की 1500 मीटर दौड़, ट्रिपल जंप, चक्का फेंक, 400 मीटर, लंबी कूद, 110 मीटर बाधा दौड़ तथा लड़कियों की ऊंची कूद, 1500 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़, ऊंची कूद, 100 मीटर बाधा दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस दौरान भिवानी पहुंचने वाले खिलाड़ियों का जिला शिक्षा अधिकारी ने हाल-चाल भी जाना तथा खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर कोच सत्यवान, डॉ. अनिल कुमार, श्रीभगवान एईओ, प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान रामोतार शर्मा, प्राचार्य भगत सिंह कोठारी, राज सिंह घणघस, विजय सिंह परमार, संतोषा भॉकर, प्रदीप प्रवक्ता, रामचंद्र पुनिया, प्रधान कुलदीप महला, लक्ष्मण गौड,सुखदेव डीपीई, सुशील दहिया, सुनील कोहाड़, नसीब पीटीआई, भारत यादव, कांता देवी, मीनू देवी, आशा पीटीआई, सुशीला भी मौजूद रहे।

ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज

# सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से कार की टक्कर में दो की मौत



लोहारू। क्षतिग्रस्त कार से घायलों को निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

लोहारू-पिलानी सड़क मार्ग पर मंगलवार सुबह एक पेट्रोल पंप के सामने कथित रूप से एक ट्रैक्टर-ट्राली चालक की लापरवाही के कारण एक कार पीछे से ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मुश्किल से दुर्घटनाग्रस्त कार से निकला गया और उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती राजस्थान राज्य के गांव लडूंडा में एक विवाह समारोह में शिरकत करने के बाद मंगलवार सुबह राजस्थान के बड़बर निवासी महेंद्र (75) और शारदा (60), धनपति, विनय, नरेश और मंजू कार में सवार होकर लडूंदा से लोहारू आ रहे थे। इस दौरान लोहारू में पेट्रोल पंप के पास सड़क पर ही एक ट्रैक्टर ट्राली खड़ी था तथा उनकी कार ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से जा धंसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरा ट्राली के पीछे धंस गया।

### डायल 112 की टीम ने आकर जांच की

डायल 112 की टीम, थाना प्रभारी जरनैल सिंह और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को स्थानीय पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से लोहारू अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां करीब 75 वर्षीय महेंद्र सिंह ओर करीब 60 वर्षीय शारदा देवी को मृत घोषित कर दिया। घायल धनपति, मंजू, विनय और नरेश को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस व ऑटो एसोसिएशन के बीच हुए फैसलों पर अमल शुरू

# कल से शहर के व्यस्त बाजारों में नहीं जाएंगे ऑटो व ई-रिक्शा, कटेंगे चालान

- व्यस्त बाजारों में ऑटो जाने से पैदल निकलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

व्यस्त बाजारों में भीड़ कम करने के लिए पुलिस प्रशासन व ऑटो एसोसिएशन के बीच हुए फैसलों पर अमल होना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में ऑटो यूनियन ने व्यस्त बाजारों में ई रिक्शा व ऑटो ले जाने पर पाबंदी लगाने की मुनादी शुरू करवा दी है ताकि बाजारों में बढ़ती भीड़ को किसी तरह से कम किया जा सके। इसी क्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुनादी करवाकर पुलिस प्रशासन व यूनियन के बीच हुए फैसलों के बारे में भी जानकारी दी।

शाम करीब चार बजे एसोसिशन के प्रधान रामनिवास शर्मा ने शहर में मुनादी शुरू करवाई। उन्होंने हांसी गेट, महम गेट, रोहतक गेट होते हुए दादरी गेट तक के ऑटो व ई रिक्शा चालकों को व्यस्त बाजार घंटाघर, जैन चौक व अन्य व्यस्त बाजारों में न ले जाने की सलाह दी। उनका तर्क था कि इन बाजारों में पैदल चलने के लायक भी जगह नहीं बचती। कई बार ई रिक्शा के इन बाजारों में आने से भीड़ और ज्यादा बढ़ जाती है। जिस वजह से बाजारों में इनके प्रवेश की बंदिश लगाई जा रही है।



भिवानी। व्यस्त बाजार से गुजरती एक ऑटो रिक्शा। फोटो : हरिभूमि

### बुधवार तक का दिया है समय

विगत में शहर थाना प्रभारी व ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के बीच बैठक हुई थी। जिसमें बाजारों में भीड़ कम करने वाले पहलुओं पर विचार किया गया। इसमें बताया गया कि घंटाघर चौक से लेकर जैन चौक तक के बाजार में ई रिक्शा व ऑटो की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती है। इनके बंद करने का प्लान तैयार हुआ था। जिसके तहत इन बाजारों में आने वाली ई रिक्शा व ऑटो को बुधवार तक की मोहल्लत दी गई थी। उसके बाद बाजार के अंदर जाने वाले ई रिक्शा व ऑटो के चालान काटने की प्रक्रिया शुरू होगी। कार्रवाई शुरू होने से पहले आज इसी क्रम में शहर में मुनादी करवाई गई है ताकि कार्रवाई से पहले ऑटो चालकों को सचेत किया जा सके।



बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा में सीवरेज व्यवस्था सुधारने में जुटे कर्मचारी।

# सीवरेज समस्या दुरुस्त करने के लिए सड़क पर उतरी नप टीम

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में सीवरेज व्यवस्था जी का जंजाल बनी हुई है। जगह-जगह सीवरेज बंद होने के कारण गंदा पानी सीवरेज के ढक्कनों से मुख्य मार्ग से निकलता हुआ दुकानदारों की दुकानों के आगे आकर जमा हो जाता है। जिसको लेकर कई बार शहरवासी व दुकानदार प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं। नपा प्रधान सुंदर अत्री के आगे इसकी अपील कर चुके हैं। जिसको लेकर नपा प्रधान सुंदर अत्री द्वारा जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से भी मीटिंग की और इस समस्या के सुधारीकरण के लिए कहा। सोमवार को नपा कर्मचारियों ने बंद हुए सीवरेज के पाइप को खुलवाने का प्रयास किया लेकिन न खुलता देख विभाग से मशीन मंगवाई। मंगलवार को जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की लेबर द्वारा नपा कार्यालय के पास मुख्य मार्ग पर सीवरेज के प्वाइंट को ढूंढ़ने के लिए सड़क पर खुदाई शुरू की।

### जल्द सुधरेंगे हालात

इस बारे में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि लेबर द्वारा सीवरेज के प्वाइंट जो रोड के नीचे दबा है, खुदाई करके ढूंढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। मिलते ही मशीन के माध्यम से इसकी व्यवस्था सुधारी जाएगी ताकि सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त की जा सके।

एक सप्ताह का अल्टीमेटम-तहसील कार्यालय पर भाकियू देगी धरना

# तहसीलदार की स्थायी नियुक्ति को लेकर भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- बाढ़ड़ा में काफी दिनों से तहसीलदार का पद खाली पड़ा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष हरपाल भाण्डवा की अध्यक्षता में सर छोटूराम किसान भवन बाढ़ड़ा में बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया कि उपमंडल बाढड़ा में काफी दिनों से तहसीलदार का पद खाली पड़ा है, जिस कारण आमजन को काफी परेशानी हो रही है। भाकियू ने उपमंडल अधिकारी एसडीएम बाढड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि बाढड़ा उपमंडल क्षेत्र में काफी दिनों से तहसीलदार का पद खाली है, जिसकी वजह से रजिस्ट्री सहित अनेक कार्य बाधित हो रहे हैं।

उन्होंने तहसीलदार की जल्द से जल्द स्थायी नियुक्ति करने की मांग की, अन्यथा मजबूरीवश यूनियन को आंदोलन की राह अपनानी होगी। किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए तीन साल से पैसे जमा करवा रखे हैं, लेकिन कनेक्शन नहीं दिए गए। सरकार जल्द से जल्द कनेक्शन देने का काम करें। छह महीने से विभाग के पास आपूर्ति केबल उपलब्ध नहीं है, जो केवल जल्दी से जल्दी उपलब्ध करवाई जाए।



बाढ़ड़ा। तहसीलदार की स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ज्ञापन देने वालों में यह रहे शामिल

उन्होंने बताया कि आगामी सोमवार से पहले स्थायी तसीलदार की नियुक्ति नहीं की गई तो सोमवार से भाकियू द्वारा तहसील कार्यालय के सामने धरना दिया जाएगा, जिसमें बार एसोसिएशन बाढड़ा भी शामिल होगी। बैठक में भाकियू महासचिव ओमप्रकाश उमरवास, पूर्व सरपंच गिरधारी मोद, सतबीर बाढ़ड़ा, रामौतार लाड, मीरसिंह, अतरसिंह, रणधीर बारवास, कर्णसिंह, धर्मपाल सिंह, राजेंद्र, सतबीर बाढ़डा, ऋषि भाण्डवा व कमल हडोदी आदि मौजूद रहे।

ऑल इंडिया इंटर स्कूल आईपीएससी अंडर-19 शूटिंग चैंपियनशिप में मिली सफलता

# नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल जीतने पर आशीष पंघाल को किया सम्मानित

- ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकल राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का आशीष का सफर बेहतरीन : फूलसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खेल नगरी भिवानी की खेल प्रतिभाओं की चमक एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दी है, यहां प्रतिभाशाली युवा शूटर आशीष पंघाल ने हाल ही में आयोजित ऑल इंडिया इंटर-स्कूल आईपीएससी अंडर-19 शूटिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर ना केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे जिले का नाम



रोशन किया है। उनकी उपलब्धि पर समाजसेवी डॉ. फूल सिंह धनाना ने मंगलवार को सेक्टर-13 में पदक विजेता शूटर आशीष पंघाल को सम्मानित करते हुए आशीर्वाद दिया। उन्होंने आशीष के इस शानदार प्रदर्शन की दिल खोलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में शूटिंग जैसे चुनौतीपूर्ण खेल में राष्ट्रीय स्तर पर दो स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना पूरे भिवानी के लिए गर्व की बात है।

### 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता

डॉ. फूल सिंह ने कहा कि भिवानी की धरती को पहले से ही खेलों की नर्सरी के नाम से जाना जाता है और आशीष जैसे युवा अपनी प्रतिभा के दम पर एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर इस पहचान को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का आशीष का यह सफर पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल है। उन्होंने आशीष को भविष्य की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनकी प्रतिभा और भी चमकदार प्रदर्शन करेगी। उन्होंने यह दोहरी उपलब्धि 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में हासिल की है। उन्होंने व्यक्तिगत वर्ग और टीम वर्ग दोनों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय उसके परिजनों व कोच को दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव धीरज सिंह, पूर्व चेयरमैन विजय पंचगांवा, पूर्व जिला पार्षद रेणु बाला, प्रधान दिलबाग सांगवान, प्रधान धर्मबीर नेहरा, राजपाल आईजी, कमल सिंह प्रधान, पार्षद सूर्य तंवर, रामदेव तायल, पूर्व प्रधान बलवान, भूपेंद्र कोच, संदीप यादव पार्षद सहित अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

लोहारू एसडीएम कार्यालय पर किसान महापंचायत 28 को

# ट्रेड यूनियनों के साथ आज प्रदर्शन में शामिल होंगे किसान सभा के सदस्य

- किसान महापंचायत की तैयारियों में गांवों का चल रहा दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा के सैकड़ों कार्यकर्ता ट्रेड यूनियनों द्वारा 26 नवंबर को आयोजित प्रदर्शन में भाग लेंगे। सिवानी व तोशाम के कार्यकर्ता संयुक्त किसान मोर्चे द्वारा आयोजित हिसार प्रदर्शन तथा जिले के भिवानी व बवानीखेड़ा ब्लाक के कार्यकर्ता भिवानी में होने वाले प्रदर्शन में भाग लेंगे। भिवानी में यह प्रदर्शन नेहरु पार्क से प्रातः 11 बजे से शुरू होगा। वहीं किसान सभा नेता 28 नवंबर को एसडीएम कार्यालय लोहारू पर होने वाली विशाल किसान महापंचायत की तैयारियों में अलग-अलग गांव का दौरा कर रहे हैं।

### 16 जुलाई से चल रहा धरना

2023 की खरीफ फसलों का बीमा क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने किया था। भिवानी व दादरी का बर्बाद कपास व अन्य फसलों का बीमा क्लेम 450 करोड़ रुपये बनता था, परंतु कंपनी ने सेटेलाइट इमेजिंग के बहाने से किसानों का 350 करोड़ रुपये बीमा क्लेम कथित तौर पर हड़प लिया और विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि कृषि कल्याण विभाग के बड़े आला अधिकारियों की मिलीभगत से उक्त कम्पनी ने यह फ्राड कर दिया। इसकी न्यायिक जांच व ब्याज समेत भुगतान लेने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान 16 जुलाई से एसडीएम कार्यालय लोहारू पर दिन रात अश्चितकालीन पड़ाव डाले हुए हैं। वहीं दादरी, बाढड़ा के किसान बाढड़ा में अनिश्चित कालीन धरना दिए हुए हैं। किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उप प्रधान कामरेड ओमप्रकाश, जिला सचिव मास्टर जगरोशन व जिला वित्त सचिव मास्टर उमराव सिंह ने बताया कि बीमा फ्रॉड के भुगतान के अलावा 2023-24 रबी फसल के बकाया मुआवजे, हाल ही में बाढ़ व जलभराव से हुई बर्बाद फसलों का मुआवजा, जल भराव की निकासी, बकाया ट्यूबवेल क्नेक्शन जारी करने, टावरों के न्यायोचित मुआवजे, डीएपी/ यूरिया खाद व बीज उपलब्ध करवाने को लेकर किसान महापंचायत हो रही है।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style



# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम' के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।




# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस


**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।' कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।' कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।' जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में



**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस*** : साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक*** : फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।

***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान*** : साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर*** : 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।


***जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी*** : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवार्ड्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेताोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स' ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल जोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले' में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** *: धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले' में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** *: धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम' में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** *: ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके' में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका' था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** *: फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** *: मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** *: 'लोफर' में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## खबर संक्षेप

### स्वच्छ पेयजल के लिए पाइप लाइनों की करवा रहे जांच : अत्री



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में पीने के पानी की आए दिन आ रही समस्याओं को लेकर नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री व जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों ने कमर कस ली है। इसके लिए संदेहजनक स्थानों पर जेसीबी से खुदाई करके पाइपलाइन की जांच की जा रही है ताकि लीकेज को दुरुस्त किया जा सके व सीवरेज के लीकेज पाइप की मरम्मत की जा सके। नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि गंदे पानी की सप्लाई की आए दिन शिकायतें प्राप्त हो रही थी। इस गंदे पानी के सेवन से जहां बीमारी फैलने का भय बना रहता है वहीं ये पानी प्रयोग लायक भी नहीं रहता। इसके लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से मिलकर पाइपलाइन को दुरुस्त करवाया जा रहा है ताकि हर घर में स्वच्छ जल की सप्लाई हो सके।

### नगर पालिका कार्यालयों में फ्री करवाएं आधार कार्ड का काम : एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि जिला के प्रत्येक नगर पालिका व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों में आधार कार्ड बनाने का कार्य निःशुल्क किया जा रहा है। नागरिक वहां पर जाकर अपना आधार कार्ड बनवा व दुरुस्त करवा सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर एडीसी ने क्रीड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों को इस बारे में जागरूक करें। एडीसी लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में नागरीक संसाधन सूचना विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बवानी खेड़ा एमसी, बवानी खेड़ा ब्लॉक, तोशाम, सिवानी एमसी, लोहारू एमसी, लोहारू ब्लॉक में आधार कार्ड बनाने का कार्य सूचारू रूप से चल रहा है, जो कि निःशुल्क किया जा रहा है। नागरिक संबधित बीडीपीओ कार्यालय में जाकर अपना आधार कार्ड बिना किसी फीस के ठीक करवा सकते हैं।

### निजी वाहन चालकों ने काटी चांदी, मनमाफिक वसूला किराया

# कुरुक्षेत्र रैली में गईं 81 रोडवेज बसें, लोकल रूटों पर भटके यात्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

कुरुक्षेत्र में पीएम नरेंद्र मोदी की रैली का असर भिवानी के ट्रैफिक पर भी पड़ा। रोडवेज बेड़े से 81 बसें कुरुक्षेत्र रवाना करने की वजह से भिवानी बस अड्डे पर बसों का भारी टोटा बना रहा। बसों के अभाव में अधिकांश लोकल रूट पूरी तरह से प्रभावित रहे।

घंटों तक लोगों को बसों का इंतजार करना पड़ा। इन रूटों पर रोडवेज की बसें नहीं बल्कि निजी बस व निजी वाहनों में ही लोगों ने सफर किया। जिस वजह से निजी वाहन चालकों ने जमकर चांदी काटी। यात्रियों से मनमाफिक किराया वसूला। दूसरी तरफ बसों के अभाव में यात्री इधर-उधर भागते नजर आए। शाम तक इसी तरह का माहौल बना रहा। उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर पीएम नरेंद्र मंगलवार को विशाल कार्यक्रम में आए थे। इसके चलते भिवानी डिपो से करीब 81 बसों को कुरुक्षेत्र के लिए रवाना किया गया। इन बसों को शाम को ही कुरुक्षेत्र जाने के निर्देश जारी किए गए थे। उसके बाद मंगलवार सुबह ही उक्त बसें अड्डे पर आने की बजाय सीधी लोगों को बैठाकर कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हो गई। जिस वजह से बस अड्डे पर बसों का भारी टोटा रहा। कुछ लंबी दूरी के रूटों पर भी बसों का मिस किया गया। हालांकि लंबी दूरी के अधिकतर रूटों पर बसों को चलाया गया, लेकिन लोकल रूटों पर रोडवेज बस न के बराबर चल पाई। यहां तक कि भिवानी से हिसार, जींद व चरखी दादरी के लिए भी रोडवेज बसों का अभाव बना रहा। इन रूटों पर लोगों को बसों के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ा। बसों के अभाव में ऑटो चालकों ने भी मनमाफिक किराया वसूला। जिन रूटों पर बसें नहीं चलीं, उन रूटों पर ऑटो चलते नजर आए। इनके अलावा अन्य निजी वाहनों ने भी सवारी को गंतव्य तक पहुंचाया। इसके बदले में उनसे दो से ढाई गुणा तक किराया वसूल किया। बसों के अभाव में इन निजी वाहन चालकों ने क्षमता से ज्यादा सवारी बैठाई।





**भिवानी।** बसों के अभाव में सूना पड़ा बस अड्डा व बसों का इंतजार करती सवारी।

#### जींद रूट पर दिक्कत

दादरी व जींद रूट पर निजी बसों का परिचालन न होने से यात्रियों को अच्छी खासी परेशानी हुई। लोगों को निजी वाहनों में ही बैठकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। हालांकि हिसार रूट पर रोडवेज की बसों के अलावा निजी बसें संचालित होने से लोगों को थोड़ी बहुत राहत जरूर मिलती रही। इसी तरह भिवानी से लोहारू, झोझू व महम की तरफ बसों का आवागमन लगभग पूरी तरह से ठप रहा।

## महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा

गांव माण्डी हरिया के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ एवं के तत्वावधान में प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. योगिता गोदारा सहायक प्रोफेसर के नेतृत्व में स्वास्थ्य और स्वच्छता विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय, चरखी दादरी से डॉ. श्वेता, सहप्राध्यापिका अंग्रेजी ने छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने अपने व्याख्यान में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुडे विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य, नियमित व्यायाम तथा संक्रमणों की रोकथाम जैसे बिंदुओ पर प्रकाश डाला। विशेष रूप से मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वच्छता अपनाकर कई स्वास्थ्य समस्याओं को रोका जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य व स्वच्छता से जुडे कई प्रासंगित प्रश्न पूछे। व्याख्यान में न केवल जागरूकता बढाई, बल्कि छात्राओं को अपने तथा अपने परिवार के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए भी प्रेरित किया। अंत में प्राचार्य डॉ. प्रवीन कुमार ने डॉ. श्वेता का धन्यवाद करते हुए छात्राओं को दैनिक जीवन में स्वच्छता व स्वास्थ्य के नियमों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप सीलवाल, सहायक प्रोफेसर अनिल कुमार, सहायक प्रोफेसर महेंद्र सिंह, सहायक प्रोफेसर योगेश जांगड़ा व सहायक प्रोफेसर योगेश उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पूरी तरह से बौखला चुकी : प्रदीप

**भिवानी।** कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल द्वारा बसपा को भाजपा की बी-टीम बताए जाने पर बसपा ने कड़ा पलटवार किया है। बसपा के जिलाध्यक्ष प्रदीप रंगा ने कांग्रेस पर अस्तित्व खोने और बौखलाहट में होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस अपने असफल राजनीतिक जनाधार को बढ़ाने के बजाय अन्य पार्टियों को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि खुद को अस्तित्व ढूंढने में लगी कांग्रेस पूरी तरह से बौखला चुकी है।

## किसान बागवानी विभाग की योजनाओं का लें लाभ : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

#### परंपरागत खेती की जगह बागवानी में अधिक मुनाफा

एडीसी कम जिला बागवानी मिशन क्रियान्वयन इकाई भिवानी के चेयरमैन दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में बागवानी विभाग व बागवानी से संबंधित प्रगतिशील किसानों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। उन्होंने बागवानी विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन बारे विस्तार से समीक्षा की।उन्होंने बागवानी विभाग को निर्देश दिए कि वे योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान बागवानी से जुडक़र लाभान्वित हो सके।

एडीसी श्री करवा ने बैठक में मौजूद प्रगतिशील किसानों से कहा कि वे बागवानी अपनाकर परम्परागत फसलों की बजाए अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। बागवानी विभाग द्वारा किसानों के लिए बाग, सब्जियाँ, मसालेदार फसलें व फल फूलों की खेती करने पर विभिन्न तरह का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत किसानों को जल संग्रहण हेतु खेतों में सिंचाई टैंक बनाने पर 70 से 100 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। जिले में किन्नू, मौसमी, माल्टा, अमरूद, नीम्बू, आंवला, बेर, खजूर इत्यादि का बाग लगाने पर 32 से 42 हजार रूपए प्रति एकड़ का अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ सब्जियों, मसालों, फूलों आदि की खेती पर भी अनुदान दिया जाता है। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी डॉ. देवीलाल ने बताया कि किसानों को सब्जी एवं फल स्टोरेज के कोल्ड स्टोर बनाने पर 35 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। इससे सब्जी व फलों की तुड़ाई उपरांत लम्बे समय तक सुरक्षित व ताजा रख सके ताकि किसान को अच्छा भाव मिल सके। किसान पांच हजार मीट्रीक टन तक का कोल्ड स्टोर बना सकता है। इसी प्रकार मशरूम उत्पादन के लिए कच्चे शेडों से लेकर वातानुकलित इकाई लगाने पर 35 से 85 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। संरक्षित खेती मद में किसानों द्वारा अपने खेत में नेट हाऊस लगाने पर 50 से 85 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अगर किसी किसान को बागवानी की अधिक जानकारी चाहिए तो वे जिला स्तर पर जिला बागवानी कार्यालय व खण्ड स्तर पर बागवानी विकास अधिकारी के कार्यालयों में सम्पर्क कर सकते हैं।

### सीएम विंडो ने शिकायतकर्ता को मृत बता बंद की फाइल

**नारनौल।** जिला उपायुक्त के आदेशों की अवहेलना कर नगर पालिका अटेली ने रेवाड़ी रोड स्थित एक गार्डन को सील करने की बजाय शिकायतकर्ता स्वर्गीय राजीव राव को मृत बताकर करवाई बंद कर दी है। इसके खिलाफ शिकायतकर्ता स्वर्गीय राजीव राव के पिता होशियार सिंह ने राज्य सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर गार्डन को सील करने की अधूरी कार्रवाई पर रोष व्यक्त किया है। पीड़ित होशियार सिंह ने बताया कि अटेली में रेवाड़ी रोड पर एक बैंक्वेट हॉल संचालित किया जा रहा है। उसके बेटे स्वर्गीय राजीव राव ने एक शिकायत सीएम विंडो में तीन फरवरी 2020 को दी थी। सचिव नगर पालिका अटेली ने उक्त गार्डन को अवैध रूप से संचालित होना पाया था और इसे शीघ्र सील करने की बात कही थी, लेकिन कोई सीलिंग नहीं की।

#### कन्या विद्यालय में ट्रेनिंग

## जूनियर रेडक्रॉस ट्रेनिंग में यातायात नियमों पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की हरियाणा शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार एवं भिवानी रेडक्रॉस अध्यक्ष एवं उपायुक्त साहिल गुप्ता के नेतृत्व में भिवानी रेडक्रॉस द्वारा स्थानीय महम गेट स्थित पंडित सीताराम शास्त्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जारी पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस ट्रेनिंग कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को जूनियर्स को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के बारे, आगजनी के बचाव, रेडक्रॉस चिह्न, आपदा प्रबंधन, बेसिक फर्स्ट एड सहित रेडक्रॉस के महत्व सहित विभिन्न मुद्दों पर जानकारियां दी गई। इस दौरान युवाओं को यातायात निरक्षक संजय कुमार ने जूनियर को यातायात एवं सडक़ सुरक्षा बारे महत्वपूर्ण जानकारियां दी। अग्निशमन विभाग के फायर ऑफिसर सुनील व हरीश कुमार ने आगजनी से होने वाली हानियों व उनके बचाव के बारे विस्तार से बताया। शिविर में से विभीन्न आपदाओं की जानकारी व उनके बचाव सम्बन्धित जानकारी रिसोर्स पर्सन संजय कामरा ने विस्तृत रूप से जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन मा. अजय कुमार ने शिविर में रेडक्रॉस चिह्न के दुरुपयोग ना करने बारे जूनियर्स को बताया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने प्राथमिक सहायता के उद्देश्य बताए। रिसोर्स पर्सन डा. हरेंद्र पुनिया ने जूनियर्स की समाज के प्रति भागेदारी व रेडक्रॉस के साथ जूनियर्स कैसे जुड़ सकते है, उसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। भिवानी रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि यातायात नियम व्यक्ति और समाज दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इनका पालन सड़क पर जीवन की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है।




**भिवानी।** शिविर में आगजनी की घटनाओं से बचने की जानकारी देते हुए।

## नगर पालिका ने अवैध चबूतरे तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

शहर के वार्ड नंबर नौ के मौहल्ला वाल्मीकि से 11 हट्टा बाजार की सड़क तक नगर पालिका टीम की ओर से मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीबी मशीन ने रोड पर बने चबूतरे व अन्य सामाग्री हटाई गई। लोगों की ओर से अभियान को लेकर कोई रोष नहीं जताया गया। टीम ने शांतिपूर्वक तरीके से धीरे धीरे करके लोगों द्वारा रोड पर बनाए चबूतरे को हटाया गया।

नगर पालिका का यह अभियान सुबह करीब साढ़े दस बजे शुरू हुआ। नगर पालिका द्वारा 15 लाख रुपये खर्च कर यह सड़क बनाई जाएगी। बता दें कि शहर के मौहल्ला खटीकान के मस्जिद वाले मार्ग की करीब 350 मीटर सड़क मार्ग पिछले 17 वर्षों से बदहाल अवस्था में पड़ा है, जिसके चलते आसपास रहने वाले दुकानदार व मौहल्लावासी काफी दिनों से परेशान हैं। यह मार्ग 350 मीटर लंबा व करीब 30 मीटर चौड़ा है। 11 हट्टा बाजार से स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है। इस मार्ग से दो से ढाई हजार वाहनों का आवागमन रहता है।



**महेंद्रगढ़।** सड़क पर अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन।

#### मार्ग को किया जाएगा चौड़ा

*खटीकान के मार्ग का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य से पूर्व मार्ग के दोनों तरफ पक्के अतिक्रमण व कबाड़ को हटाकर मार्ग को चौड़ा किया जाएगा। यह मार्ग तारकोल का बनाया जाएगा।—रमेश सैनी, चेयरमैन, नगर पालिका, महेंद्रगढ़।*

## बाटा कंपनी के नकली जूते पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

शहर में बाटा कंपनी के नकली जूतों की बिक्री करने वाले कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। कंपनी के सीनियर इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर विजय कुमार को विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली थी कि इलाके में बाटा रेमो ब्रांड के नाम पर डुप्लीकेट जूते बेचे जा रहे हैं। जानकारी की पुष्टि के लिए उन्होंने कंपनी अधिकारियों से अनुमति लेकर गुप्त जांच की, जिसमें नकली प्रोडेक्ट की बिक्री की पुष्टि हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विजय कुमार ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की।

इसके बाद सोमवार को करीब दोपहर एक बजे बाटा कंपनी की टीम और शहर थाना पुलिस टीम महेंद्रगढ़ स्थित माडर्न एजेंसी श्री श्याम ट्रेडर्स पहुंची। दुकान की वीडियोग्राफी करते हुए तलाशी ली गई, जहां से 218 नकली जूते बरामद किए गए। जांच टीम ने इनमें से दो जूतों को नमूने के रूप में अलग किया और बाकी दो सौ सोलह जूतों को सफेद कट्टों में पैक कर सील किया। कार्रवाई के दौरान दुकान पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम बताने से इंकार कर दिया, लेकिन पूछताछ में उसने बताया कि दुकान मालिक प्रमोद अग्रवाल है, जो आगरा से यह नकली माल मंगवाता है। शुरुआती जांच में स्पष्ट हुआ कि नकली जूते बेचकर ग्राहकों और कंपनी दोनों के साथ धोखाधड़ी की जा रही थी। पुलिस ने कंपनी प्रतिनिधि द्वारा तैयार की गई शिकायत, बरामद माल और नमूनों को कब्जे में लेकर थाने में जमा किया। मामले में कापीराइट अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपितों की भूमिका और नकली माल के स्त्रोत को लेकर आगे की जांच की जा रही है।



महेंद्रगढ़। नकली जूतों को गाड़ी में डलवाते पुलिसकर्मी।

### एसडीएम ने गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की

**भिवानी।** किरोड़ीमल पार्क में 29 नवंबर से एक दिसंबर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों के चलते एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। एसडीएम ने कहा कि गीता जयंती समारोह में हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। ऐसे में अपने सभी परिचितों को गीता महोत्सव में साथ लेकर आएं। एसडीएम ने कहा कि गीता का संदेश किसी एक व्यक्ति वर्ग विशेष के लिए न होकर सभी के लिए है। सरकार द्वारा गीता महोत्सव मनाए जाने का उद्देश्य भी यही है कि प्रत्येक नागरिक गीता के महत्व को जानें और उसको अपने जीवन में धारण कर सकें। उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कहा कि वे गीता महोत्सव में बढचढ़ शामिल हों ताकि महोत्सव की शोभा बढ़े। वहीं दूसरी ओर सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि उनके द्वारा गीता महोत्सव के आयोजन में भरपूर सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर शोभा यात्रा में भी सामाजिक संस्थाओं की अहम भागीदारी रहेगी, जिसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान श्री कृष्ण प्रणामी आश्रम से डॉ. मुरलीधर शास्त्री, जीओ गीता से विनोद छाबड़ा, नरेश आहुजा, चंद्र कक्कड़, ओमप्रकाश टुरेजा, आत्म प्रकाश टुटेजा, पंजाबी जागृति मंच से दर्शन मिढा व युवा राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

**निर्देश** डीसी ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना की समीक्षा की

## पात्र लोगों को दयालु-द्वितीय योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें : डीसी

#### पशुओं के चोट पहुंचाने से मृत्यु होने पर मदद का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा अनेक प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिसमें दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत दयालु-द्वितीय योजना भी शुरू की है। इसमें हरियाणा के निवासियों को लावारिस-आवारा/जंगली पशुओं जैसे गाय, बैल, कुत्ते, नीलगाय, भैंस आदि के काटने-चोट मारने से हुई आकस्मिक मृत्यु/ घायल होने/विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना का उद्देश्य परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के तहत पंजीकृत सभी परिवारों को कवर करना है।

डीसी श्री गुप्ता मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में दयालु-द्वितीय योजना की संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। डीसी ने बताया कि आवारा पशुओं/पशुओं के कारण हुई दुर्घटना/घटना के संबंध में किए गए दावे के लिए भुगतान किए जाने वाले मुआवजे का निर्धारण जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य गरीब परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या नार्मानुसार प्रतिशत दिव्यांगता होने पर एक से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है। आवेदक परिवार के पास परिवार पहचान पत्र होना चाहिए। आवेदक परिवार हरियाणा का मूल निवासी हो।

उन्होंने बताया यह योजना एक लाख 80 हजार रूपए से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। कुत्ते के काटने के मामले में मुआवजे की राशि न्यूनतम 10 हजार रूपए प्रति दांत के निशान पर होगी और जहां मांस त्वचा से अलग हो गया है, कुत्ते के काटने के मामले में यह न्यूनतम 20 हजार रूपए प्रति 0.2 सेमी घाव पर होगी। इसी प्रकार से 12 वर्ष तक आयु के बच्चों के लिए एक लाख रुपए, 12 से 18 वर्ष के लिए दो लाख रुपए, 18-25 वर्ष के लिए तीन लाख, 25 से 45 वर्ष आयु तक के लिए पांच लाख रूपए, 45 वर्ष से अधिक वायु वाले के लिए तीन लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है। लाभार्थी/दावेदार को दुर्घटना के 90 दिनों के भीतर सहायता हेतु योजना के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सभी आवश्यक विवरण और आवश्यक दस्तावेज़ों सहित एक आवेदन पत्र भरकर दावा दायर करना होगा।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी डॉ. भागीरथ कौशिक ने योजना के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में डीडीपीओ सोमबीर कादयान, ईओ राजा राम, एसएचओ ट्रेफिक संजय कुमार डॉ. सुभाष, एमओ डॉ. आशीष तंवर, एसडीई सुनील कुमार, सचिव संदीप, टीएसआई विरेन्द्र सिंह, आदि मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र रैली के लिए बहल से उमड़ा जनसैलाब : महमिया

- लोगों ने पीएम मोदी, भाजपा और पूर्व मंत्री जेपी दलाल के समर्थन में नारे लगाए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहल

कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में शामिल होने के लिए बहल कस्बे से सैकड़ों लोगों ने मार्केट कमेटी चेयरमैन रवि महमिया के साथ कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुए। बस में सवार होने से पहले लोगों ने पीएम मोदी, भाजपा और पूर्व मंत्री जेपी दलाल के समर्थन में नारे लगाए।

चेयरमैन रवि महमिया ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार ने राजनीति की परिभाषा बदलने का काम किया है। भाजपा सरकार बनने के बाद से आमजन तक सरकारी योजनाओं का लाभ सीधा पहुंच रहा है। समाज के हर वर्ग के हित के अनुसार नीतियां बनाई गई है जिससे किसान, मजदूर, व्यापारी का आर्थिक और सामाजिक उत्थान हुआ है जिससे एक सशक्त समाज का निर्माण हुआ है। केंद्र सरकार ने जहां विदेश नीति से देश का गौरव बढ़ाया है वहीं देश का आधारभूत ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन कर देश को आत्मनिर्भरता की और बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी प्रदेश को करोड़ो रूपयों की विकास योजनाओं की सौगात देंगे।




**बहल।** बहल से कुरुक्षेत्र रैली के लिए बस में रवाना होते चेयरमैन रवि महमिया व अन्य।

राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने कार्टूनिंग, वोकल म्यूजिक व रंगोली में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# युवा महोत्सव में राजकीय महिला कॉलेज की छात्राओं ने चमकाया संस्थान का नाम

## छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और कला के प्रति समर्पण का परिणाम है उपलब्धि : डॉ. सुनीता भारद्वाज



भिवानी। कॉलेज में प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कस्बा लोहारू स्थित सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने भिवानी के चौ. बंसीलाल विश्ववद्यालय में आयोजित हुआ युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किए। कॉलेज की सांस्कृतिक उपलब्धियों में यह सफलता एक और स्वर्णिम अध्याय के रूप में जुड़ी है। कॉलेज की छबीए तृतीय वर्ष की छात्रा आरजू ने कार्टूनिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा शालू ने वोकल म्यूजिक में द्वितीय स्थान तथा बीए तृतीय वर्ष छात्रा पायल ने रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। सांस्कृतिक प्रभारी डा. सुनीता भारद्वाज ने छात्राओं की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा छात्राओं ने युवा महोत्सव में जिस उत्कृष्टता और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन किया है, वह वास्तव में सराहनीय है। यह उपलब्धियां केवल पुरस्कार नहीं हैं, बल्कि छात्राओं की सतत मेहनत, अनुशासन और कला के प्रति समर्पण का परिणाम हैं। उन्होंने बताया कि कार्टूनिंग, वोकल म्यूजिक और रंगोली प्रतियोगिताएँ रचनात्मकता, एकाग्रता और कौशल की मांग करती हैं और महाविदयलय की छात्राओं ने इन सभी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रतियोगिता के दौरान जो सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह और टीमवर्क देखने को मिला, वह उनकी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी रहा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी छात्राओं को और अधिक अवसर तथा प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाते रहेंगे। उन्होंने कार्यवाहक प्राचार्य डा. प्रमोद, डा. निशा, डा. ज्योति, डा. सरिता, डा. सुमन तथा महाविद्यालय के अन्य स्टाफ द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस सफलता को संभव बनाया। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डा. प्रमोद ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत और मार्गदर्शकों के समर्पित प्रयास का परिणाम है।

- यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

# युवा महोत्सव के विजेताओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में 21 से 23 नवंबर तक आयोजित हुए 7वें युवा महोत्सव उत्कर्ष 2025 में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और विभिन्न विधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। इस महोत्सव में छात्रों की कला, संस्कृति और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव की सफलता के बाद मंगलवार को संस्थान परिसर में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में उन सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया, जिन्होंने उत्कर्ष 2025 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान हासिल किया था। यह सम्मान प्राचार्य अदम्यवीर के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया। प्रोफेसर मुकेश यादव ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा



पानीपत। अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

युवा महोत्सव विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभा को बाहर लाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। यादव ने कहा कि केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सर्वांगीण विकास के लिए छात्रों को सांस्कृतिक और कलात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के छात्रों ने गायन, नृत्य, नाट्य, फाइन आर्ट्स और साहित्यिक विधाओं सहित अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लिया और कई पुरस्कार अपने नाम किए। छात्रों ने बताया कि यह महोत्सव उनके लिए केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने और अन्य संस्थानों के छात्रों से सीखने का एक बेहतरीन मंच था। इस अवसर पर प्रोफेसर वेदप्रकाश, प्रोफेसर अमित कुमार, प्रोफेसर रचना शर्मा, मनीष घणघस, मनोज धारीवाल, फूल कुमार, महेश शर्मा, मनोज, पवन चौहान, रविन्द्र धायल, गौरव व सीता आदि मौजूद रहे।



चरखी दादरी। केक काटकर सांसद धर्मबीर सिंह का जन्मदिन मनाते धर्मसेना के कार्यकर्ता।

# केक काटकर मनाया सांसद धर्मबीर सिंह का जन्मदिन

- सांसद धर्मबीर सिंह की सोच हमेशा से क्षेत्र के विकास पर रहती है क्रेंदित : धर्मसेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह का जन्मदिन मंगलवार को धर्मसेना के पदाधिकारियों ने दादरी स्थित उनके निवास पर मनाया। इस दौरान धर्मसेना के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम आयोजित कर केक काटकर उनकी दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। धर्मसेना के पदाधिकारियों ने उनके जन-कल्याणकारी कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सांसद धर्मबीर सिंह का क्षेत्र के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। धर्मसेना किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रविंद्र मांढ़ी ने सांसद धर्मबीर सिंह के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सांसद धर्मबीर सिंह ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र व जनता के विकास के लिए अनेक अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इन कार्यों की बदौलत जनता में उनके प्रति विशेष प्रेम की भावना है। मांढ़ी ने कहा कि सांसद धर्मबीर सिंह की सोच हमेशा से क्षेत्र के विकास पर केंद्रित रही है। उनके प्रयासों से हुए महत्वपूर्ण विकास कार्यों के कारण ही जनता उन्हें इतना सम्मान देती है। कार्यक्रम में मौजूद अन्य पदाधिकारियों ने भी सांसद धर्मबीर सिंह को एक जन-जन का नेता बताया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास करते हैं। उनकी इसी कार्यशैली ने उन्हें क्षेत्र का एक लोकप्रिय और प्रभावशाली नेता बनाया है। इस अवसर पर अधिवक्ता कुलवंत फोगाट, चेयरमैन नरदेव टोनी, इंद्र फौगाट, नरेश भारद्वाज, अजय चाहर, वेद अटेला, हड़ोदा, धर्मेंद्र हड़ोदा, बिजेंद्र उम्रवास, सरपंच ओमप्रकाश बरसाना, पवन पंघाल, अनिता देवी, डा. जितेंद्र चंदेनी, ऋषि फतेहगढ़ सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 7 दिसंबर को भिवानी से 10 हजार लोग जुलाना पहुंचेंगे : दिग्विजय

- जजपा के पास सभी संघर्ष के है साथी, जजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कोहिनूर समान : चौटाला
- भिवानी में जेजेपी के 8वें स्थापना दिवस समारोह पर जनसरोकार दिवस रैली की का आयोजन होगा



भिवानी। आयोजित बैठक में समर्थकों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के 8वें स्थापना दिवस समारोह पर जींद के जुलाना में 7 दिसंबर को होने वाली जनसरोकार दिवस रैली की तैयारियों को लेकर जेजेपी युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने मंगलवार को भिवानी जिले के कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक को स्थानीय रोहतक गेट स्थित चौ. देवीलाल सदन में संबोधित किया। डॉ. अजय सिंह चौटाला की कर्मभूमि भिवानी से अकेले 10 हजार लोगों के जुलाना रैली में शिरकत करने का दावा करते हुए दिग्विजय ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और उन्हें रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए जी-जान से जुट जाने का आह्वान किया। स्थानीय चौधरी देवीलाल सदन में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में दिग्विजय चौटाला ने कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पास जो साथी हैं, वह संघर्ष के साथी हैं। वे हमारे लिए कोहिनूर के समान हैं। रैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश भर का दौरा कर रहे दिग्विजय चौटाला ने कार्यकर्ताओं को ब्लॉक-वाइज जिम्मेदारियां सौंपी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का मानना है कि यदि प्रदेश का युवा सक्षम होगा, तभी प्रदेश उन्नति की ओर अग्रसर होगा। इसीलिए वे युवाओं के लिए विशेष तौर पर काम कर रहे हैं। दिग्विजय ने दावा किया कि डिप्टी सीएम और जेजेपी के कार्यों से प्रभावित होकर प्रदेश का युवा पार्टी से जुड़ रहा है, और 7 दिसंबर की रैली में युवाओं की खास भागीदारी दिखेगी।

### जननायक जनता पार्टी की कार्यकर्ता बैठक कल

बाढड़ा। जननायक जनता पार्टी के स्थापना दिवस समारोह की भव्य तैयारियों को लेकर बाढड़ा हल्के के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक 27 नवंबर को सुबह 11 बजे लोहारू रोड स्थित पार्टी कार्यालय बाढ़ड़ा में होगी। यह जानकारी हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकड़ोली व जिला प्रेस प्रवक्ता राजेंद्र हुई ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता बैठक में स्थापना दिवस रैली की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक को स्थापना दिवस रैली के जिला प्रभारी एवं जजपा के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी विशेष रूप से संबोधित करेंगे। रैली के लिए जजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र सांगवान तथा जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास भी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देंगे।



भिवानी। एनीमिया मुक्त भारत अभियान को लेकर एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# एनीमिया मुक्त भारत के लिए चलाएंगे अभियान


- एसडीएम आशीष सांगवान ने कर्मियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

सरकार द्वारा चलाए जा रहे एनीमिया मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए सोमवार को बाढड़ा एसडीएम आशीष सांगवान की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में एसएमओ, सीएचसी गोपी की चिकित्सक टीम, सीडीपीओ, बीईईओ, पीएचसी इंचार्ज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान का मुख्य लक्ष्य ५-९ वर्ष, १०-१९ वर्ष के किशोर -किशोरियों, महिला प्रजनन आयु वर्ग तथा गर्भवती- स्तनपान करवाने वाली महिलाओं में खून की कमी को दूर करना है। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर विशेष जागरुकता, जांच शिविर, फोलिक एसिड व आयरन की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में एसएमओ गोपी ने विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों, एसएमसी, एएनएम व आशा वर्करों के सहयोग से लगातार हीमोग्लोबिन जांच और आवश्यक दवाओं का वितरण किया जा रहा है। बीईईओ जलकरण ने स्कूल स्तर पर चल रही गतिविधियों की जानकारी दी, वहीं फूड एंड सप्लाई विभाग के प्रतिनिधि ने भी अपने-अपने स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया।

# शिविर में 20 ने किया रक्तदान नेत्रदान के फॉर्म भरवाए

- एक यूनिट रक्त किसी के लिए साबित हो सकता है नया जीवन : डॉ. रघुबीर



भिवानी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शहर में मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप और प्लेटलेट्स की कमी से जूझ रहे मरीजों की सहायता के लिए सैनी कल्याण परिषद ने मंगलवार को एक अत्यंत सराहनीय और जीवनरक्षक कदम उठाया। परिषद ने चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य गंभीर मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त और प्लेटलेट्स उपलब्ध कराना था। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भिवानी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने शिरकत की। शिविर की एक और खास बात यह रही कि रक्तदान के साथ-साथ, परिषद ने नेत्रदान का संकल्प लेने के लिए भी एक विशेष पंजीकरण व्यवस्था की थी। इस पहल का नारा जीते जी रक्तदान-जाते जाते नेत्रदान रहा। शिविर में 20 युवाओं ने रक्तदान किया, जिन्हें अतिथियों ने बैज लगाकर सम्मानित किया। सीएमओ डॉ. शांडिल्य ने रक्तदाताओं के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार शहर में मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं, ऐसे में प्लेटलेट्स की कमी एक गंभीर चुनौती बन जाती है। सैनी कल्याण परिषद के प्रधान भूपसिंह सैनी व रक्त प्रभारी ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से उन मरीजों की सहायतार्थ लगाया गया जो मौसमी बीमारियों के गंभीर मामलों से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों के गंभीर मामलों में अक्सर प्लेटलेट्स की संख्या तेजी से गिरती है, जिससे रक्तस्राव का खतरा बढ़ जाता है और मरीज की जान को खतरा हो सकता है। ऐसे में समय पर रक्त और प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करना सबसे ज़रूरी होता है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान आजाद सैनी, संगठन सचिव फूलसिंह सैनी, कोषाध्यक्ष राजकुमार सैनी, राजकुमार सैनी जमालपुरिया, महावीर सैनी, अतुल कुमार बंटी, मास्टर शशीकांत, जसविंद्र, सुरजीत सैनी, बलवंत सैनी, शंकर खरबंदा, राधेश्याम सैनी, ठेकेदार संदीप योगी, कृष्ण का योगदान रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# सांगवान खाप 10 दिसंबर को करेगी प्रतिभाओं का सम्मान

- दादा सांगू के जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर हुई सांगवान खाप की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

सांगवान खाप प्रबुद्धजन की विशेष बैठक खाप प्रधान सोमबीर सांगवान की अध्यक्षता में गांव खेड़ी बूरा स्थित दादा सांगू धाम पर हुई। इसमें 10 दिसंबर को दादा सांगू के जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम को हर्षोल्लास व भव्यता से मनाने बारे विचार-विमर्श किया। सभी प्रबुद्धजन व कमेटियों के सदस्यों ने हिस्सा लिया तथा अपने विचार व सुझाव रखे। सांगवान खाप के सचिव नरसिंह सांगवान ने कमेटियों के कार्यों की समीक्षा की व कमेटी सदस्यों को अपने-अपने कार्य में और तेजी लाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न कमेटियों ने अपने-अपने कार्य की प्रगति रिपोर्ट पर बात की व सुझाव लिए। सभी ने निर्णय लिया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में सांगवान खाप क्षेत्र के 36 बिरादरी के बच्चों, प्रतिभाओं व देश-विदेश के सांगवान बच्चों को सम्मानित करेगी। अबकी बार सांगवान खाप दादा सांगू जन्मोत्सव पर शहीद परिवारों, स्वतंत्रता सेनानियों की वीरांगनाओं, राष्ट्रीय स्तर पर बुजुर्ग प्रतिभाओं, हरियाणा बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड के साल 2024-25 के 95 प्रतिशत अंक प्राप्तकर्ताओं एवं वर्ष 2017-18 कमीशन प्राप्त आर्मी, एयर फोर्स, नेवी, यूपीएससी के प्रतिभा चयन मापदंड के आधार वर्ष 2025 एवं 2017-18 तक के अब तक जो वंचित रह गए थे, उनको भी सम्मानित करेगा।



### खेल-पढ़ाई और अन्य क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाले युवाओं के लिए होगा आयोजन

नरसिंह सांगवान ने बताया कि समारोह में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी खेल में भागीदारी व मेडल प्राप्तकर्ता, अंडर- 14, 17 व 19 आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर के स्कूली खेल प्रतियोगिता में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2017, 2018 व 2025 में सरकारी संस्थान से एमबीबीएस, आईआईटी, आईआईएम पास, 10वीं, 12वीं में 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्तकर्ता तथा वर्ष 2017, 2018 व 2025 में सरकारी विश्वविद्यालयों के स्नातक, स्नातकोत्तर में प्रथम, द्वितीय व तृतीय, भारतीय प्रशासनिक सेवा, राज्य सिविल सेवा, न्यायिक सेवा में चयनित सदस्य, वर्ष 2017, 2018 व 2025 में माऊंट ऐवरेस्ट विजेता पर्वतारोही, वर्ष 2017, 2018 व 2025 में तीनों सेनाओं, अर्ध सैनिक बल, गलेंटरी अवॉर्ड, पुलिस पदक, राष्ट्रपति द्वारा पदक प्राप्तकर्ता, वर्ष 2017, 2018 व 2025 में एनडीए, सीडीएस, एफ-कैट, एसीसी में चयनित एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में पदक प्राप्तकर्ता बुजुर्ग प्रतिभाओं, शहीद परिवार व स्वतंत्रता सेनानी परिजन को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्मानित किया जाएगा।



भिवानी। प्रतियोगिता में फलों की वेशभूषा में विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# फ्रूट-फेयर प्रतियोगिता में दिए सेहत संबंधी संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लिटल हार्टस कान्वेन्ट स्कूल, भिवानी में आज नर्सरी कक्षा के बच्चों की फ्रुट फेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि नन्हे-मुन्हे बच्चों ने अपने उत्साह व आत्मविश्वास का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक अपनी उत्कृष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने फलों- सेब, आम, संतरा, केला, पपीता, अमरूद, कीवी, नारियल, स्ट्रोबेरी आदि की वेशभूषा में किरदार निभाते हुए व हमारे जीवन में फलों का महत्व बताते हुए स्वास्थ्य संबंधी संदेश दिए जिसमें उन्होने फलों से प्राप्त होने वाले विटामिनस, मिनरलस व उनके महत्व के बारे में बताया व 'सेब खाओ, रोग भगाओ' आदि मनमोहक स्लोगनस प्रस्तुत किए। विद्यालय के निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक रामानन्द सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल व साक्षी गोयल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी अनुठी प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्या वीना सेठ, को-आर्डिनेटर ज्योति, रिटा शर्मा, रीना, अनिता, हिमांशी, अन्नु, पायल, वर्षा आदि उपस्थित रहे।